दिनांक-15जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आवारा कुत्तों की धरपकड़ भिलाई निगम क्षेत्र में है जारी

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं! जिस पर कार्यवाही करते हुए आज स्मृतिनगर, शांति नगर, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, मंगल बाजार छावनी के आसपास क्षेत्र में विचरण कर रहे आवारा कुत्तों को पकड़ा गया , जिसे डॉग हाउस में बधियाकरण करने हेतु रखा गया है! शिकायत के आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य जारी है! इसी तरह आज निगम के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर 17 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया! निदान 1100 मे भी प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है , जिसमें कुत्ते पकड़ने की भी शिकायत आए दिन प्राप्त होती रहती है जिसके लिए एजेंसी नियुक्त किया गया है! आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य तुलसी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है , इनके टीम में 8 से 10 लोग सम्मिलित है,

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी